भिलाईनगर। भिलाई नगर निगम भिलाई द्वारा आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के पहल पर कांजी हाउस के पशुधन को पर्याप्त चारा मिले इसीलिए गांव क्षेत्र से निशुल्क चारा मंगाया जा रहा है। ज्ञात हो की नगर निगम भिलाई में दो काजी हाउस संचालित हो रहे हैं। डी मार्ट एवं कोसानाला भिलाई रेलवे स्टेशन के पास। पशुओं को पर्याप्त चारा मिले इसके लिए ग्रामीण क्षेत्र से खेत से सीधे चारा मंगाया जा रहा है। कोई भी किसान दान स्वरूप सहयोग रूप से अपने खेत से पैरा दे सकता है। नगर निगम भिलाई की गाड़ी जाएगी वहां से चारा लेकर आएगी। नगर निगम भिलाई का प्रयास चल रहा है पर्याप्त मात्रा में पैरा, कुट्टी काजी हाउस में रख दिया जाए। जिससे पशुओं को चारा पानी का तकलीफ ना हो। जो भी किसान फार्म हाउस के मालिक पशु चारा देना चाहते हैं। वे नगर निगम भिलाई के नोडल अधिकारी अनिल सिंह मोबाइल नंबर 98261690 14 पर कॉल करके सहयोग कर सकते हैं। गौरतलाप है कि सड़कों पर घूमने वाले आवारा पशुओं को पड़कर नगर निगम भिलाई के शहरी काजी हाउस में रखा गया है। पशुओं के चारे पानी एवं दवाई की व्यवस्था शासकीय स्तर पर किया जाता है। अभी खेतों की कटाई हुई है, खेत में किसानों के पास पर्याप्त मात्रा में चारा रहता है। उसी को लाकर के निगम के गोदाम में रख रहे हैं। नगर निगम भिलाई के तरफ से अनुरोध है कि इस पुनीत कार्य में कोई भी सहयोग कर सकता है। किसानों का छोटा सा सहयोग पशुओं के लिए बहुत बड़ा सहारा होगा।